हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 8 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

10 बोरगांव में सुशांत सज्जल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट ...



11 शांति वार्ता होती तो जो जानें जा रही है शायद नहीं जाती : कुंजाम





# पितृपक्ष में पितरों का तर्पण करने से पितरों को मिलता है मोक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पितृ पक्ष के पहले दिन चंद्र ग्रहण लग रहा है, लेकिन ग्रहण का पितृ पक्ष पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 12:57 बजे से ग्रहण शुरू होगा, उससे पहले पितरों को तर्पण कर सकते हैं और ब्राह्मणों को भोजन भी करा सकते हैं। वैसे अधिकांश तपर्णधारी सोमवार से 15 दिनों तक पितृपक्ष पूजा विधिवत करेंगे।

आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी ने बताया कि श्राद्ध पक्ष का समापन 21 सितम्बर को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के साथ होगा। सनातन धर्म में श्राद्ध पक्ष का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के मुताबिक पितृपक्ष में किए गए श्राद्ध-तर्पण,पिंडदान जैसे कार्यों से पूर्वजों की आत्मा को तो शांति प्राप्त होती ही है। साथ ही कर्ता को भी पितृ ऋण से मुक्ति मिल जाती है। पितृ तर्पण के लिए शास्त्रों मे अनेक विधि बताई गई है। जिसमें व्यक्ति अपने सामर्थ्य अनुसार पितृ कर्म कर सकता है। आचार्य त्रिपाठी ने बताया तर्पण के लिए नदी,तालाब अथवा अपने घर पर शुद्धता और शुद्ध जल,काला तिल,जो, चांवल, चन्दन का उपयोग किया जाता है।

## नदी, तालाब अथवा अपने घरों में एक पखवाड़ा तक करते हैं तर्पण

### रोहिणी मुहूर्त श्राद्ध कर्म के लिए होते हैं शुभ

आचार्य के मुताबिक, विद्वान बताते हैं कि श्राद्ध या तर्पण करने से अनुरूप फल प्राप्त होते हैं। इसके अलावा रोहिणी मुहूर्त श्राद्ध कर्म के लिए सबसे शुभ माना जाता है। श्राद्ध करने के लिए मंत्रों का उच्चारण करें और पूजा के बाद जल से तर्पण करें। इसके बाद गाय, और कौवे के लिए भोजन निकालें। इन जीवों को भोजन देते समय अपने पितरों का स्मरण जरूर करें।



फाइल फोटो

### पितरों के आशीर्वाद से बना रहता है वैभव

आचार्य रोमितराज त्रिपाठी ने बताया सनातन धर्म में पितृपक्ष को कनागत भी कहा जाता है। द्वापर युग से पितृपक्ष की परंपरा चली जा रही है। मान्यता है कि पितृ पक्ष की शुरुआत होते ही देवलोक से पूर्वज धरती पर आ जाते हैं, जिनको आस्था पूर्वक तर्पण किया जाता है। पितरों के आशीर्वाद से परिवार में सुख, समृद्धि और वैभव बना रहता है।

## खबर संक्षेप



### वन कर्मचारी संघ ने दिया विधायक को ज्ञापन

**जगदलपुर**। विधायक विनायक गोयल से रविवार को छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष अमित कुमार झा, संभागीय सचिव धर्मेंद्र सिंह, संभागीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी राम मरकाम, खेमबती कश्यप, अभिषेक श्रीवास्तव एवं जिला अध्यक्ष दामोदर सेठिया, श्रीधर स्नेही ने मुलाकात कर धन्यवाद ज्ञापन दिया। विधायक की विशेष रुचि पर्यावरण संरक्षण, जंगल की सुरक्षा एवं वन भूमि पर कोई नया अतिक्रमण न हो सके, उसके लिए वह हमेशा प्रयासरत रहते हैं और वन विभाग को सदैव अपना साथ देते हैं। जिसके लिए समस्त वन कर्मचारी ने आभार व्यक्त किया।

### प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन की तिथि बढ़ी

**जगदलपुर**। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने विभिन्न परीक्षा केंद्र कॉलेजों में होने वाले स्नातक और स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर जुलाई से दिसंबर की प्राइवेट परीक्षा के लिए आवेदन सह नामांकन की तिथि बढ़ा दी है। संशोधित अधिसूचना के अनुसार कॉलेजों में प्राइवेट परीक्षा देने के इच्छुक विद्यार्थी अब 12 सितंबर तक ऑनलाईन कर सकते हैं। ऑनलाइन प्रिंट के साथ हार्डकॉपी संबंधित कॉलेज में 13 सितंबर तक जमा लिए जाएंगे।

### खेक्सी व मटर 150 रुपए किलो में बिका



**जगदलपुर**। मौसम खुला होने से साप्ताहिक बाजार में रविवार को शहरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के खरीददारों की भीड़ रही। बाजार में खेक्सी एवं मटर शहर के बाजार में 150 रुपए किलो में बिक रहा है। इस रविवार को बाजार में टमाटर 20, करेला 60, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 40, भिंडी 60, आलू 30, प्याज 40, अदरक 180, लहसून 250 रूपए किलो और लालभाजी 20 रूपए में 10 जूड़ी बिक रहा है।

### चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के कपाट रहे बंद



**जगदलपुर**। मां दंतेश्वरी मंदिर का रविवार को दोपहर 12 बजते ही कपाट बंद कर दिया गया। दंतेश्वरी मंदिर के मुख्य पुजारी कृष्णचन्द्र पाढ़ी ने बताया अब मंदिर के कपाट सोमवार सुबह खोला जाएगा। इस दौरान पूरा मंदिर का गंगाजल से शुद्धिकरण कर विधिविधान से देवी माता को स्नान किया जाएगा। ततपश्चात पूजा अर्चना प्रारम्भ होगा। दंतेश्वरी मंदिर के अलावा लक्ष्मीनारायण मंदिर, शीतला माता मंदिर,समुंद चौक स्थित श्रीकृष्ण मंदिर,श्री राम मंदिर,जगन्नाथ मंदिर,मावली मंदिर,हनुमान मंदिर,प्रतापगंज स्थित शिवालय, सीताराम मंदिर,महादेव घाट स्थित महादेव मंदिर,भूतेश्वर महादेव मंदिर,झाड़ेश्वर शिव मंदिर,गायत्री मंदिर,रेलवे स्थित श्री राम मंदिर समेत अंचल की सभी मंदिरों में आज दोपहर साढ़े 12 बजे कपाट बंद रहा।

### पिंजरा व किया रेस्क्यू पर 9 वें दिन भी नहीं पकड़ में आया मगरमच्छ

# मछली पालन के तालाब में मगरमच्छ ने वन विभाग की टीम को छकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के तोकापाल बाजारपारा स्थित मछली पालन के तालाब में मगरमच्छ देखे जाने के बाद वन विभाग की टीम उसे पकड़ने की कोशिश करती रही। हालांकि मगरमच्छ तालाब के पानी में रहकर उन्हें छकाता रहा। तालाब में 29 अगस्त की सुबह मगरमच्छ देखे जाने से दहशत है। धूप सेंकने के लिए तालाब किनारे आया मगरमच्छ फिर से तालाब में घुस गया।

- वनकर्मी तालाब पर कर रखे रखवाली, ग्रामीणों को किया सचेत

मगरमच्छ और वन विभाग की टीम में 7 सितंबर यानि 9 दिन तक लुका छिपी का खेल चलता रहा, काफी छकाने के बाद भी मगरमच्छ टीम के हाथ नहीं लगा। वन विभाग के बस्तर एवं दंतेवाड़ा जिले की टीम ने रेस्क्यू में जाल डाल कर उसे पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन मगरमच्छ तालाब में चक्कर लगाता रहा। देर शाम तक मगरमच्छ टीम की पकड़ से दूर था। वन विभाग के डिप्टी रेंजर आरके मिश्रा ने बताया कि तालाब में मगरमच्छ है पर पकड़ना संभव नहीं हो पा रहा। तालाब के चारों ओर टीम को निगरानी के लिए कहा गया है। जैसे ही वह किनारे पर आएगा, पकड़ा जाएगा, आसपास के लोगों को एहतियात रखने की सलाह दी है। विभाग ने कोटवार के माध्यम से मुनादी भी किया गया है। विदित हो कि तालाब में हॉल ही में तोकापाल के एसडीएम, तहसीलदार सहित वन विभाग के जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता की टीम पहुंची थी।



### तालाब में रखा 200 मीटर पिंजरा

बताया जा रहा है कि टीम ने देखा कि तालाब में वयस्क मगरमच्छ है, वन विभाग ने तालाब में 200 मीटर पिंजरा रखा। फिर भी मगरमच्छ पिंजरे में नहीं पहुंचा। इसके चलते वन्य जीव मगरमच्छ को संरक्षित करने के लिए वन विभाग ने दो शिफ्टों में वन कर्मियों को तैनात किया गया, जिससे कोई जनहानि न हो सके।

### पानी में लगाएंगे पिंजरा

एसडीओ योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि तालाब के किनारे पिंजरा रखा गया है, पर मगरमच्छ नहीं मिल रहा है। इसलिए विभाग की ओर ऐसा पिंजरा बना रहे हैं कि तालाब के पानी में ही पिंजरे को लगाया जाएगा। हालांकि तालाब के आसपास मुनादी किया कि लोग तालाब के पास नहीं पहुंचे। वन विभाग की टीम लगातार रेस्क्यू कर रही है, जिससे शीघ्र ही मगरमच्छ को पकड़ा जाएगा।

# पड़ोस की महिला के हत्यारे को आजीवन कारावास की सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

थाना करपावन्ड अंतर्गत ग्राम बेलपुटी करहाभाटा पारा निवासी बासमती ठाकुर की हत्या उसके पड़ोस में रहने वाला मनुराम कश्यप के द्वारा टांगिया से वार कर किए जाने के मामले में आरोपी को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत ने आजीवन कारावास और 200 रुपए दंड की सजा सुनाई है।

- अर्थदंड भी पटाना पड़ेगा

घटना 12 फरवरी 2023 को ग्राम बेलपुटी करहा भाटापारा निवासी झीतरु राम ठाकुर अपनी पत्नी बासमती के साथ घर आंगन में बैठकर इमली फोड़ रहे थे कि लगभग 10:30 बजे वह घूमने के लिए अपने घर के पास की जगह पर गया था । दोपहर 1 बजे उसके घर के पास से मार दिया मार दिया कह कर चिल्लाने का आवाज सुनाई देने पर वह भागते हुए अपने घर आकर देखा कि उसकी पत्नी बासमती आंगन में खून से लथपथ गिरी पड़ी थी। उसकी गर्दन के पीछे हिस्से में टांगिया से वार करने का गहरा चोट लगी थी, वह बेहोश हो गई थी। घटनास्थल पर उसकी छोटी बहू खीरो ठाकुर व उसका बच्चा प्रकाश ठाकुर,बड़ी बहू सामबती ठाकुर एवं पड़ोस में रहने वाली हेमवती मौर्य अस्ती मौर्य व उसकी बेटी सोमारी मौर्य वहां पर खड़े थे। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाला मनुराम कश्यप थोड़ी देर पहले हाथ में टांगिया लिए दौड़ते हुए उसके आंगन में आया। उसकी पत्नी बासमती को पीछे से आकर गर्दन के पीछे टांगिया से ताबड़तोड़ वार किया। वार से बासमती घायल होकर गिर गई। बचाने के लिए दौड़े तो उन्होंने देखकर मनु कश्यप वहां से भाग गया। वे लोग उसकी पत्नी को इलाज हेतु सीएससी बकावंड ले जा रहे थे कि रास्ते में उसकी मौत हो गई। थाना करपावन्ड में धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। और विवेचना पूर्ण कर न्यायालय के समक्ष अंतिम प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश अजय सिंह राजपूत के द्वारा दोनों पक्षों को सुनने के बाद अपना निर्णय सुनाते हुए कहा कि संपूर्ण विवेचना का सार यह है कि अभियोजन अभियुक्त मनूरम कश्यप पर युक्ति युक्त संदेह से परे धारा 302 भारतीय दंड संहिता का अपराध प्रमाणित करने में सफल रहा है। अभियुक्त ▶▶|शेष पेज 10 पर

कब्जाधारियों के खिलाफ तहसीलदार को सौंपा आवेदन

# करंजी में भू-माफियाओं ने चार एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल ब्लाक के ग्राम करंजी में भू-माफियाओं एवं बाहरी व्यक्ति द्वारा वन विभाग की लगभग 22 एकड़ भूमि एवं चार एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा करने का मामला सामने आया है। इससे ग्रामवासियों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि बाहरी व्यक्ति द्वारा की गई यह कार्रवाई ग्राम पंचायत की शासकीय एवं वनभूमि पर सीधा अतिक्रमण है जो गांव के संसाधनों और अधिकारों का हनन है। इस संदर्भ में पूरे ग्राम पंचायत ने एकजुट होकर तहसील तोकापाल पहुंचकर तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए शिकायती आवेदन सौंपा। प्रशासन से आग्रह किया है कि कब्जा हटाते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए,ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हो सकें। बुजुर्ग महिलाएं पुरुष बच्चे और पंचायत के युवक पहुंचे थे। तहसीलदार का कहना है कि मामले की जांच कर शीघ्र ही दोषियों पर उचित कार्रवाई किया जाएगा।



### बाहरी व्यक्तियों ने किया अतिक्रमण

ग्राम पंचायत करंजी में बाहरी व्यक्तियों ने 4 एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा किया है। जिससे ग्रामवासियों में आक्रोश है। ग्राम पंचायत करंजी की आवश्यक बैठक कर सर्वसमति से निर्णय लेकर निंदा प्रस्ताव पारित कर कब्जा हटाने की सहमति बनी है। यदि कब्जा नहीं हटा तो आने वाले दिनों में स्थिति बिगड़ने की आशंका है। सर्वसमति से निर्णय लेकर तोकापाल पहुंच तहसीलदार को शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया गया। तहसीलदार ने शीघ्र कब्जा हटाने का आश्वासन दिया है।

- लक्ष्मी बघेल सरपंच, ग्रापं करंजी



# घाटलोहंगा में धूमधाम से हुआ गणेश विसर्जन

**घाटलोहंगा**। बस्तर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत घाटलोहंगा के आवास प्लाट पारा में ग्रामवासी के द्वारा प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की गई थीं। शनिवार को पूरे ग्रामवासी एकजुट होकर गणेश विसर्जन के लिए निकले। ढोल-नगाड़ों की थाप, बाजे-गाजे के साथ श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान गणेश का जयकारा लगाते हुए 3 से 4 किलोमीटर दूर इंद्रावती नदी तक पहुंचे। विसर्जन में महिलाओं, बच्चों और युवाओं की बड़ी संख्या में सहभागिता रही। भक्तों ने हर्षोल्लास और भक्ति भाव के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया। विसर्जन के दौरान ग्राम में आपसी भाईचारा, उत्साह और धार्मिक आस्था का वातावरण देखने को मिला। इस दौरान डमरूधर बघेल, मुन्ना लाल यादव, राजेश यादव, ▶▶|शेष पेज 10 पर

# 40 लोगों में सर्दी, खांसी और 8 को दस्त

## मांगीतोंग गांव में ग्रामीणों को मिला उपचार की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

ग्राम पंचायत पाकेला के आश्रित ग्राम मांगीतोंग में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर ग्रामीणों को उपचार प्रदान की। ग्राम में कुल 54 घरों में निवासरत 164 लोगों का मलेरिया सहित विभिन्न स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर परीक्षण किया गया।

- ग्राम के कुल 54 घरों में निवासरत 164 लोगों का मलेरिया सहित परीक्षण

स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सा विभाग की टीम ने 40 लोगों में सर्दी, खांसी और बुखार के लक्षण पाए तथा 8 लोगों को दस्त की समस्या से प्रभावित पाया। गंभीर कुपोषण से ग्रसित 1 बच्चे को पोषण पुनर्वास केंद्र में उपचार हेतु भेजने निर्देशित किया, वहीं एक गर्भवती महिला का पंजीयन कर स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ा गया। गांव में स्थित पेयजल स्त्रोतों में क्लोरीनीकरण कर संक्रमण से बचाव सुनिश्चित किया गया। साथ ही, ग्रामीणों को साफ पानी उबालकर पीने और मच्छरदानी का उपयोग करने की सलाह दी गई। शिविर में निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। कलेक्टर ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता ग्रामीणों की सुरक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था है। समय पर शिविर लगाने से स्थिति नियंत्रण में है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।



### ये रहे उपस्थित

शिविर में एसडीएम छिंदगढ़ विजय प्रताप खेस, सीएमएचओ डॉ. आरके सिंह, तहसीलदार इरशाद अहमद, बीएमओ डॉ. नारंग, सरपंच, पंच एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राचार्यों को श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह किया गया भेंट

# स्वामी आत्मानंद स्कूल में तीन प्राचार्यों को विदाई, पदोन्नति पर सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल में विदाई और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के 3 वरिष्ठ शिक्षक, गगन पामभोई, राजन्ना एटटी और देवी सिंह कश्यप, जिन्हें प्राचार्य पद पर पदोन्नति और स्थानांतरण मिला है, उन्हें भावपूर्ण विदाई दी गई।

- 27 वर्ष सेवा के बाद मिला प्रमोशन

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद आयोजित मंच समारोह में लगभग 350 छात्र-छात्राएं और शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विदाई के क्षणों में पूरा माहौल भावुक हो गया, कई शिक्षकों और विद्यार्थियों की आंखें नम हो गईं। 27 वर्षों की सेवा के बाद प्राचार्य बनीं गगन पामभोई। गगन पामभोई, जो 1998 से संस्था में व्याख्याता के पद पर कार्यरत थीं, उन्हें लंबे समय की निष्ठावान सेवा के बाद प्राचार्य पद पर पदोन्नति मिली है। एनसीसी कैडेट्स के प्रेरणास्त्रोत थे राजन्ना एटटी सितंबर 2002 से रसायन शास्त्र के व्याख्याता के रूप में सेवाएं देने वाले, छात्रों के साथ अपने गहरे जुड़ाव और एनसीसी ऑफिसर के रूप में कैडेट्स को अनुशासन और नेतृत्व का पाठ पढ़ाने के लिए जाने जाते थे। उनका स्थानांतरण सकनापल्ली स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में हुआ है। सरल स्वभाव के देवी सिंह कश्यप का छात्रों में था विशेष क्रेज फरवरी 2003 से हिन्दी व्याख्याता के पद पर कार्यरत देवी सिंह कश्यप, अपने मिलनसार और सहज स्वभाव के कारण छात्र-छात्राओं और सहकर्मियों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। वे अब चेरपल्ली स्थित स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय में प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभालेंगे।ओमप्रकाश लम्बाडी का मंगलनार हुआ स्थानांतरण गणित और भौतिकी के ज्ञाता ओमप्रकाश लम्बाडी का युक्तियुक्तकरण के तहत मंगलनार भैरमगढ़ ▶▶|शेष पेज 10 पर



### आयोजन में इनका रहा योगदान

कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार चिंतूर ने किया। ए. नागेश्वर राव, गौरुबाई कावटी, जी. श्वेता, राकेश केतारण, मरियम एक्का और पवन देवांगन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# रजत महोत्सव पर हुई भाषण प्रतियोगिता एवं साक्षरता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रजत महोत्सव के तहत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नेगीगुड़ा जगदलपुर में "मेरे सपनों का स्कूल" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता, आधुनिक संसाधन और समावेशी वातावरण पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने कहा कि उनका सपना है कि हर बच्चा शिक्षा से जुड़ सके और स्कूल ऐसा हो जहाँ किताबों के साथ-साथ खेल, कला और तकनीकी ज्ञान भी दिया जाए। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के वक्तव्यों की सराहना की और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विद्यालय की छात्राओं और शिक्षकों ने साक्षरता रैली निकाली। रैली के माध्यम से "पढ़ेगा बस्तर – बढ़ेगा बस्तर" और "सबको शिक्षा – सबका विकास" जैसे संदेश दिए गए।विद्यालय प्रशासन ने बताया कि रजत जयंती विशेष सप्ताह के तहत इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप




### आज होगा मोर लक्ष्य मोर अभियान के तहत कार्यक्रम

**फरसगांव**। नगर में स्थित आदर्श स्कूल में आज सोमवार को मोर लक्ष्य मोर अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में छग के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव शामिल होंगे। कार्यक्रम के तैयारी पूरी कर ली गई है। केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम तैयारी के संबंध में सभी विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए है। विधायक खुद मौके पर पहुंचकर कार्यक्रम को लेकर कार्यों का जायजा भी ले रहे है। यह कार्यक्रम प्रदेश में पहला कार्यक्रम है जो विधायक नीलकंठ टेकाम ने नेतृत्व में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिले के 4000 से अधिक स्कूल और कॉलेज के बच्चे शामिल होने। इस कार्यक्रम में वनमंत्री केदार कश्यप , कांकेर सांसद भोजराज नाग, बस्तर सांसद महेश कश्यप, कोंडागांव विधायक लता उसेंडी, जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव सहित अन्य विधायक और स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे ।

### निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प 8 से

**नगरी**। जैन समाज एवं शांत क्रांति संघ नगरी द्वारा निःशुल्क मेडिटेशन कैम्प का आयोजन 8 से 15 सितम्बर तक कृषि उपज मंडी नगरी के प्रांगण में सुबह 7.15 से 8.15 बजे किया जा रहा है। ज्ञात हो कि नगरी में जैन आचार्य विजयराज मसा की आज्ञानुवर्ती साध्वी वैभव श्रीजी, काव्या श्रीजी, प्रतीक्षा श्रीजी ओसवाल भवन में चातुर्मास के लिये विराजित हैं।

# पालतू व आवारा कुत्तों-बिल्लियों को अब लगाया जाएगा टीका

## पशु चिकित्सा विभाग और स्थानीय निकाय मिलकर चलेंगे अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

जिले में 15 सितम्बर से 30 सितम्बर तक निरूशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। यह अभियान पशु चिकित्सा सेवाएं विभाग द्वारा नगरपालिका, नगर पंचायतों एवं ग्राम पंचायतों के सहयोग से संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत जिले के नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में पालतू तथा आवारा कुत्तों और बिल्लियों को निःशुल्क एंटी–रेबीज टीके लगाए जाएंगे। टीकाकरण के साथ–साथ आम नागरिकों को रेबीज रोग के खतरे, उससे बचाव के उपाय और समय–समय पर पशुओं का टीकाकरण कराने के महत्व के बारे में जागरूक किया जाएगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पालतू श्वानों और बिल्लियों को नजदीकी पशु चिकित्सालय में लाकर निरूशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण अवश्य कराएं।

जिले में 15 से 30 सितम्बर तक निःशुल्क एंटी–रेबीज टीकाकरण पखवाड़ा



### सामाजिक संगठनों से मांगा सहयोग

अफसरों ने पशुप्रेमियों, स्वयंसेवी संस्थाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं से भी अपील की कि वे आवारा श्वानों को पकड़कर उनके टीकाकरण में विभाग का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ताकि जिले को इस घातक रोग से सुरक्षित बनाया जा सके।

आयोजनः हाईस्कूल मैदान में जिला स्तरीय प्रतियोगिता की शुरुआत

# बोरगांव में सुशांत सज्जल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव/फरसगांव

फरसगांव के पूर्वी बोरगांव हाईस्कूल ग्राउंड में आज सुशांत सज्जल स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज किया गया। जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 में कई टीमें भाग ले रहीं हैं। आयोजन बोरगांव फुटबॉल क्लब के तत्वावधान में किया जा रहा है। मुख्य अतिथि विधायक नीलकंठ टेकाम और पूर्व कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रवि घोष ने खिलाड़ियों को गुलाब भेंट कर और बॉल में किक लगाकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। विधायक ने खेलों को जीवन कौशल और अनुशासन से जोड़ते हुए मिनी स्टेडियम बनाने की घोषणा की। जिला पंचायत सदस्य कलता मंडावी, जनपद सदस्य विक्की दास, भाजपा महामंत्री तरुण साना, सरपंच चन्द्रकला सरकार, उप सरपंच अशोक दास और सोमा दास सहित कई जनप्रतिनिधि इस मौके पर उपस्थित रहे। उद्घाटन मैच अपरान्ह 4 बजे वीर गुंडाधुर क्लब बनियागांव और डीआरजी पुलिस लाइन कोंडागांव के बीच खेला गया। कड़े मुकाबले में वीर गुंडाधुर क्लब ने शानदार जीत दर्ज की। बोरगांव फुटबॉल क्लब ने खिलाड़ियों और दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए आभार व्यक्त किया।

■ मिनी स्टेडियम बनवाने का विधायक ने किया वादा



### सज्जल परिवार ने व्यक्त किया आभार

स्व. सुशांत सज्जल की पत्नी प्रभा सज्जल ने क्लब और उपस्थितजनों का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह आयोजन उनके पति की स्मृति को जीवित रखने का सराहनीय प्रयास है। प्रतियोगिता के आगामी मैच और भी रोमांचक होंगे।



### 12 टीमें लेंगी भाग

फुटबॉल प्रतियोगिता में जिले की 12 टीमें भाग लेंगी। जिनके बीच सात दिनों तक फुटबॉल मैच खेला जाएगा। विधायक ने स्टेडियम ग्राउंड, रंगमंच एवं ओपन जिम की घोषणा की है। इस मौके पर विधायक नीलकंठ टेकाम, जनपद सदस्य विक्की दास , वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण बदेशा, भाजपा मंडल महामंत्री प्रवीण राव , मंडल उपाध्यक्ष प्रवीण पांडे सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



# जर्जर सड़कों, जाम के कारण संजीवनी 108 में महिला प्रसव



हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारायणपुर

जिले के ग्राम उड़ीदगांव की हेमबत्ती पोटाई को प्रसव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेनूर मे भर्ती कराया गया था। बेनूर अस्पताल में मरीज की स्थिति ठीक नहीं होने और प्रीक्लैमसिया केस होने के कारण जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

स्टॉफ नर्स ने स्थिति को देखते रेफर के लिए संजीवनी 108 से संपर्क किया। 108 संजीवनी से संपर्क होने पर ईमटी खेमेश्वरी और पायलट उमेश नेताम पहुंचे। बेनूर अस्पताल से मरीज को एम्बुलेंस मे शिफ्ट कर जिला अस्पताल के लिए निकले। रास्ता बहुत ही ख़राब और मरीज की स्थिति ठीक नहीं होने के कारण एम्बुलेंस को ड्राइवर द्वारा धीरे धीरे ले जाया जा रहा था।

■ ईएमटी स्टाफ ने कराया सुरक्षित प्रसव

देवगांव के पास पहुंचने पर मरीज को तेज प्रसव पीड़ा होने लगी रास्ते में ट्रक फंसने के कारण 108 के पाइलट ने एम्बुलेंस को रास्ते से बाहर कर रोड के किनारे खड़ा किया। ईमटी ने मरीज की जांच की। जांच करने पर ईमटी ने पाया की मरीज का शीघ्र प्रसव कराने की जरुरत है। ईमटी द्वारा परिजनों को समझाकर मितानिन की मदद से प्रसव कराया गया। प्रसव के बाद जच्चा- बच्चा दोनों सुरक्षित हैं।

# इंस्ट्राग्राम से दोस्ती फिर शादी का झांसा देकर अपहरण, दो सालों किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

## पुलिस ने रिपोर्ट के चंद घंटों बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फरसगांव



इंस्टाग्राम से दोस्ती की, फिर बुलाकर अपहरण कर दूसरे राज्य ले गया। शादी का झांसा देकर दो साल तक दुष्कर्म करता रहा। गर्भवती होने के बाद घर लाकर छोड़ा दिया। रिपोर्ट के कुछ घंटों बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना क्षेत्र अंतर्गत रहने वाली पीड़िता ने शनिवार को रात फरसगांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि कांकेर जिले के ग्राम कोटनखोड निवासी अनीश मंडावी पिता सोहन मंडावी उम्र 24 के साथ वर्ष 2023 में ढाई साल पहले इंस्ट्राग्राम में दोस्ती हुई। जिसके बाद वह उसे मिलने बुलाया, पीड़िता बहीगांव बाजार में मिलने आई, फिर उसे शादी करूंगा कहकर तमिलनाडु ले गया। शादी का प्रलोभन देकर उससे दो सालों तक लगातार शारीरिक संबंध बनाता रहा। फिर अप्रैल माह 2025 में उसे घर में लाकर छोड़ दिया । पीड़िता 8 माह की गर्भवती हो गई, अब शादी करने से इंकार कर रहा है। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 116/2025 धारा 137(2), 87.65(1) बीएनएस, पॉक्सो एक्ट की धारा 6 कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय के निर्देश और एसडीओपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन में फरसगांव थाना के सहायक उप निरीक्षक पीताम्बर कठार की नेतृत्व में आरोपी की पतासाजी करते हुए चंद घंटे मे हो आरोपी अनीश मंडावी को गिरफ्तार किया गया। रविवार को आरोपी के खिलाफ विधिवत कार्रवाई के पश्चात उसे न्यायालय में पेश कर रिमांड में जेल भेजा गया है।

### कार्रवाई में इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमारी पाण्डेय रक्षित केन्द्र कोण्डागांव, सउनि पिताम्बर कठार, सउनि सुरेन्द्र बघेल, सउनि यशवंत सेन, आरक्षक अजरंग बघेल, घनश्याम यादव, नारायण शार्दूल, महिला आरक्षक भानुप्रिया मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।




# कृषि विभाग की टीम ने किया उर्वरक विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

निरीक्षण के दौरान दुकान में डीएपी 46 बोरी और एसएसपी 80 बोरी उपलब्ध पाई गई, लेकिन एमओपी एवं यूरिया का स्टॉक शून्य था। मूल्य सूची का प्रदर्शन नहीं किया गया था।स्कंद पंजी, कैश मेमो और वितरण पंजी का सही तरीके से संधारण नहीं किया गया। इस पर विभाग ने विक्रेता को कारण बताओ नोटिस जारी किया। मेसर्स वी.एस. कंस्ट्रक्शन धनोरा के विक्रय केंद्र एवं गोदाम में निरीक्षण के दौरान उर्वरक का कोई स्टॉक नहीं पाया गया। विभागीय टीम ने विक्रेताओं को स्कंद पंजी, वितरण पंजी एवं कैश मेमो व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही चेतावनी दी कि उर्वरक का विक्रय केवल शासन द्वारा निर्धारित दरों पर ही किया जाए।

■ नियम उल्लंघन पर जारी हुआ नोटिस

# कुकरेल तहसील में तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों की आपत्ति



हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी

कुकरेल तहसील परिसीमन में ग्राम तेंदूकोन्हा को शामिल करने पर ग्रामीणों ने आपत्ति की है। तेंदूकोन्हा के ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि तेंदूकोन्हा धमतरी शहर से 7 किमी दूर है। धमतरी तहसील तथा जिला मुख्यालय में जाने के बाद सभी सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। समय की बचत भी होती है। कुकरेल तहसील तेंदूकोन्हा से करीब 11 किमी दूर है। यहां आने-जाने के लिए संसाधनों की कमी है। इससे ग्रामीणों को असुविधा का सामना करना पड़ेगा।

ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें कुकरेल तहसील में शामिल करने की पूर्व में कोई जानकारी नहीं दी गई है। पंचायत से भी ग्रामीणों को कोई सूचना नहीं दी गई। 3 सितंबर को हल्का पटवारी द्वारा गांव में सूचना पत्र चस्पा किया है जिसमें तेंदूकोन्हा को कुकरेल तहसील में शामिल किए जाने की जानकारी दी गई है। ग्रामीण अमरसिंग, रामचरण, किशन यादव, सोमनाथ, रामानंद, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष रमेशकुमार, कोषाध्यक्ष सुखदेव ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर ग्रामीणों के हित को ध्यान में रखते हुए नवनिर्मित कुकरेल तहसील में शामिल करने पर आपत्ति जताई है।

# गणेश विसर्जन के लिए पुलिस ने की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| धमतरी



गणेश विसर्जन को लेकर पुलिस, निगम, सिंचाई विभाग एवं गोताखोरों ने संयुक्त रूप से तैयारी कर ली है। वहीं पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट मोड पर आ गई है। इस दौरान सिविल ड्रेस में तैनात पुलिस आसामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी।

श्री गणेश भगवान की झांकी एवं विसर्जन कार्यक्रम को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण रूप से संपन्न कराने एसपी के निर्देशानुसार जिले के सभी अनुभाग में पुलिस ने व्यापक स्तर पर मजबूत सुरक्षा व्यवस्था की है। झांकी व विसर्जन के लिए पुलिस द्वारा पूर्व में ही तैयारी कर ली गई है। जिसके तहत सभी अनुभाग में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। राजपत्रित अधिकारी स्वयं स्थल पर मौजूद रहकर लगातार निगरानी करेंगे। सिविल ड्रेस में पुलिस के जवान भीड़ में रहकर प्रत्येक गतिविधि पर बारीकी नजर रखेंगे। सीसीटीवी कैमरे की मदद से भीड़ पर नजर रखी जाएगी। पूर्व तैयारी के चलते असामाजिक व अराजक तत्वों व पुराने रिकार्डधारियों को सुबह से ही राउंडअप किया गया। विसर्जन स्थल पर पुलिस के साथ-साथ अन्य विभाग के कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है। नगर निगम विसर्जन स्थल में स्वच्छता व्यवस्था देख रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा जलस्तर व तकनीकी सहयोग किया जाएगा। नगर सेना के गोताखोर सुरक्षा एवं आकस्मिक परिस्थितियों में बचाव का कार्य करेंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्राथमिक उपचार एवं अपातकालीन सेवाएं दी जाएगी। वहीं प्रतिमाओं को सुरक्षित विसर्जन के लिए क्रेन उपलब्ध कराया गया है।

### यातायात व्यवस्था बनाने के विशेष निर्देश

यातायात प्रबंधन के लिए यातायात प्रभारी एवं थाना प्रभारियों को विशेष दिशा -निर्देश दिया गया है। जुलूस मार्ग एवं विसर्जन स्थल पर यातायात बाधित न हो इसके लिए वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए गए हैं। वहीं समितियों से गणेश की मूर्ति ले जाते समय विद्युत तारों एवं भीड़भाड़ का विशेष ध्यान रखने की अपील की गई है।

### सुरक्षा नियमों का पालन करें

एसपी सूरजसिंह परिहार ने कहा है कि गणेश विसर्जन का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का प्रतीक है। सभी नागरिकों से अपेक्षा है कि इसे शांति एवं सौहाद्र के साथ मनाएं। प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। पुलिस हर परिस्थिति पर नजर रखी हुई है।

## कमेला संकुल में शिक्षक दिवस पर हुए विविध आयोजन

# गुलदस्ता और उपहार भेंटकर किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोण्डागांव

संकुल केंद्र कमेला की सभी शालाओं में शिक्षक दिवस समारोह का शुभारंभ डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा–अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम में नन्हे–मुन्ने बच्चों ने अपने शिक्षकों को श्रीफल, गुलदस्ता, तिलक चंदन और उपहार भेंटकर सम्मानित किया।

■ डॉ. राधाकृष्णन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक गौतम राम पांडे ने अपने उद्बोधन में डॉ. राधाकृष्णन के विचारों पर प्रकाश डाला और गुरु–शिष्य परंपरा बनाए रखने तथा लक्ष्य निर्धारित कर सफलता हासिल करने का संदेश दिया। प्राथमिक शाला कमेला की सफाई कर्मी श्रीमती मिलन बैध ने अपने जन्मदिन पर विद्यालय के छात्र–छात्रओं को आमंत्रित कर भोजन कराया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया।




### कार्यक्रम को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

शिक्षिका रोशनी, व्याख्याता होरी लाल चंद्रवंशी, टिकेश्वर प्रसाद साहू, अविनाश कुमार बनर्जी, दीपक, कर्मचारी रितेश कुमार सेठिया, हेमलाल पांडे, नंदलाल पांडे और बच्चों का विशेष सहयोग रहा।

# परसुली में अखंड रामधुनी प्रतियोगिता 13 से

**धमतरी**। ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से 13 से 15 सितंबर तक तीन दिवसीय अखंड रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्वर निषाद व उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू ने बताया कि यहां कई साल से रामधुनी का कार्यक्रम होते आ रहा है, जिसे आज भी ग्रामवासियों ने कायम रखा है। मुख्य अतिथि सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, नीलकंठ साहू, प्रभुराम निषाद, उपसरपंच घनश्याम बांधे होंगे।

## पेज 9 के शेष

### पड़ोस की महिला.....

को धारा 302 भा.द.सं. के अपराध में दोष सिद्ध किया । उन्होंने अभियुक्त को आजन्म कारावास तथा 200 रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई। प्रकरण में मृतका की बहू हीरो ठाकुर और उसका बेटा बाल साक्षी प्रकाश ठाकुर,झितरू राम ठाकुर और श्यामबती ठाकुर के कथन और अभियुक्त के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त टांगिया की जब्ती का प्रमाणित होना ,अभियुक्त को दोष सिद्ध करने में महत्वपूर्ण रहा।

### घाटलोहंगा में धूमधाम....

अनुसूया यादव, बालमती यादव, इमला बघेल, हेलो बघेल, दुर्गेश्वरी यादव, ज्योति नाग,मनु नाग,होम सिंह नाग, सोनसाय नाग, टिल्लू नाग, गुड़िया बघेल, चैती बघेल,मगतिन बघेल,खेमराज बघेल,रोहित बघेल,धन सिंह बघेल, तुलसी बघेल, परमेश्वर बघेल, फलधर बघेल, अमन बघेल, तुला बघेल,गजेंद्र बघेल, मनोज कश्यप, हर्षित बघेल, संतोष कश्यप,मोमबत्ती बघेल,हरेंद्र कश्यप,पिंकी,राधा, पिंकी, परमें, मोनिका, बबली, हेमो,ज्योति, फूलों,थालेदरी, रामवती, सोमारी, सुलो, फूलों, पदमा, लिबरी, मंगली, उर्मिला एवं भारी मात्रा में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद स्कूल ....

में स्थानांतरण हुआ है। संस्था के वर्तमान प्राचार्य एन. राजेश ने चारों शिक्षकों को नई पदोन्नति और स्थानांतरण के लिए बधाई दी और उनके अनुभव से नई संस्थाओं के विकास में योगदान देने की शुभकामनाएं व्यक्त कीं। विदाई समारोह में तीनों प्राचार्यों को श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का भ्रामक प्रचार



जगदलपुर। भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष रजनीश पानीग्राही नेबस्तर के सबसे कद्दावर आदिवासी मंत्री केदार कश्यप पर लगाये जा रहेभ्रामक आरोपो पर उन्होने कहा कि कांग्रेस को भ्रामक प्रचार का सहारालेकर एक आदिवासी मंत्री को बदनाम करने की ऐसी ओछी हरकत करना शोभा नहींदेता है। कांग्रेस को यह अच्छी तरह से पता है, कि बस्तर में यदि कांग्रेसको अपना जनधार पाना है, तो बस्तर के आदिवासी समाज में गहरी पैठ रखने वालेसर्वमान्य भाजपा के आदिवासी नेता केदार कश्यप को बदनाम करना आवश्यक है।केदार कश्यप को बदनाम किए बिना बस्तर संभाग में कांग्रेस की दाल गलनेवाली नहीं है।

### जीएसटी में बदलाव गरीब मध्यम वर्ग में लिए वरदान



जगदलपुर। जीएसटी में सुधार देश के हर वर्ग के लिए वरदान होगा। आज जहां पूरे विश्व में महंगाई की मार है। मोदी सरकार का जीएसटी में कटौती चमत्कारिक है। यह प्रधानमंत्री की मध्यम वर्ग,गरीब आम लोगों के जीवन में सुधार कर परिवर्तन लाने ले लिए ऐतिहासिक कदम है। उक्त वक्तव्य वरिष्ठ भाजपाई सुब्रतो विश्वास ने जारी बयान में व्यक्त किया। विश्वास के अनुसार आज जहां मोदी के प्रयासों से देश तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की ओर बढ़ रहा है। ऐसे समय में जीएसटी में कमी कर ऐसा कदम उठाया, जिसकी परिकल्पना किसी ने नहीं की थी।

### मनीष बने सिन्धु महापंचायत के प्रमुख सलाहकार



जगदलपुर। छत्तीसगढ़ सिंधु महापंचायत के प्रदेश अध्यक्ष अमर गिदवानी ने शनिवार शाम को समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमे निम्नांकित पदाधिकारियों का चयन कर घोषणा की गई। अध्यक्ष अमर गिदवानी,चेयरमैन चेतन तारवानी,वाइस चेयरमैन अशोक मालानी,वासुदेव जोतवानी,विनोद तलरेजा,महेंद्र आहूजा, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा,राजेश वासवानी, इन्दर डोडवानी, गोविन्द वाधवानी,महामंत्री राधाकिशन सुन्दरानी, कोषाध्यक्ष रवि ग्वालानी,महिला विंग अध्यक्ष भावना कुकरेजा, युवा विंग अध्यक्ष महेश आहूजा नियुक्त किए गए। जबकि जगदलपुर सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनीष मूलचंदानी को प्रदेश स्तर पर मुख्य पदाधिकारी नियुक्त कर उन्हें प्रमुख सलाहकार बनाया गया। मनीष को प्रदेश स्तर पर मिले इस बड़ी जिम्मेदारी को बस्तर सिंधी समाज मे हर्ष व्याप्त है।

### शिक्षिका को उचित मुआवजा दे सरकर

जगदलपुर। शासकीय हाई स्कूल चितालूर विकासखंड बकावंड में पदस्थ अतिथि शिक्षिका संतोषी बिसाई का अज्ञात बस ने भीषण टक्कर मार दी। जिससे दाहिना हाथ कट कर अलग हो गया। जिसे तत्काल मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहां से उसे उचित इलाज के लिए रायपुर रिफर कर दिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री तथा शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन से मांग की है कि दुर्घटनाग्रस्त महिला अतिथि शिक्षिका जिसका दाहिना हाथ कट कर अलग हो चुका है,उसे तत्काल उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही साथ उसके इलाज का संपूर्ण खर्च भी सरकार दे।

# कलेक्टर ने अधिक काम करने की जरूरत पर दिया बल

## अंधत्व निवारण पर हुआ 40 वां नेत्रदान पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्थानीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी (टाउन हॉल) में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अधीन अंधत्व निवारण कार्यक्रम का 40 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा संपन्न हुआ। सादगी पूर्ण और गरिमामय में कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बस्तर कलेक्टर हरीश एस. मौजूद रहे। कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रभारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके ठाकुर और विशिष्ट अतिथि के रूप में सिविल सर्जन सह अधिक्षक डॉ. संजय प्रसाद और डॉ. सी मैत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला नोडल अधिकारी अंधत्व निवारण कार्यक्रम डॉ. सरिता थामस द्वारा नेत्रदान पखवाड़ा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए नेत्रदान के संबंध में भारत की स्थिति को स्पष्ट किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रसाद द्वारा द्वारा नेत्रदान की महत्व को बताते हुए सभी स्वास्थ्य विभाग से जुड़े व्यक्तियों को कम से कम एक व्यक्ति को नेत्रदान के बारे में समुदाय में बताने हेतु समझाईश दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर कलेक्टर द्वारा बस्तर जिले में किया जा रहे हैं अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत उपलब्धि को उत्साहवर्धक बताते हुए और अधिक काम किए जाने की जरूरत पर बल दिया।



### नेत्र सहायक अधिकारी हुए सम्मानित

जिले में सर्वाधिक मोतियाबिंद केस का ऑपरेशन करने वाले बस्तानार ब्लॉक से रितेश चौधरी, हनुमंत राव सोनी, पुरंदर पांडे, कविता पांडे समेत सभी जिले में पदस्थ सभी नेत्र सहायक अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसी तरह ओटी में सहयोगी समस्त स्टाफ जिनमें स्मृता कच्छ, अनपूर्णा समेत सभी स्टाफ को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रीना लक्ष्मी का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में नेत्रदान हेतु शपथ भी सभी उपस्थित अतिथियों और कर्मचारियों द्वारा लिया गया।

## जांच में नहीं पहुंचे स्कूल बस संचालक, प्रबंधन को नोटिस

# जिले के 43 स्कूल बसों का होगा पंजीयन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



परिवहन विभाग के आरटीओ एवं परिवहन निरीक्षक ने दो बार बस्तर जिले के स्कूल बसों को जांच किया गया। इस दौरान अब तक लगभग 43 स्कूल बस नहीं पहुंचे, जिससे आरटीओ ने संबंधित स्कूल प्रबंधन को नोटिस दिया कि अपने स्कूल के बसों की जांच कराएं। आरटीओ कार्यालय में नहीं पहुंचने पर 43 स्कूल बसों का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। बताया कि सुप्रीम कोर्ट के दिए गए गाइडलाइंस के अनुसार स्कूल बसों में स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, सीसीटीव्ही कैमरा एवं अन्य समस्त उपकरण लगाकर आड़ावाल स्थित आरटीओ कार्यालय में समस्त दस्तावेजों जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, स्पीड लिमिट डिवाईस, व्हीएलटी डिवाईस, पेनिक बटन एवं खिड़की में जाली होना चाहिए। परिवहन विभाग के निरीक्षक एसके झा ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचे स्कूल बसों को स्कूल परिसर में जाकर जांच कर जप्ती की जाएगी।

### उड़नदस्ता प्रभारी को दिए निर्देश

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जांच में नहीं पहुंचने वाले स्कूल बसों के परमिट, फिटनेस निरस्त की जाएगी। इसके लिए उड़नदस्ता प्रभारी को निर्देश दिया।



# एसएनडीपी परिवार ने मनाया चदयोत्सवम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

एसएनडीपी योगम बस्तर शाखा द्वारा शहर के अम्बेडकर वार्ड स्थित गुरु मंदिर में भक्तिभाव के साथ गुरुदेव का जन्मोत्सव मनाया। ओणम पर्व के ठीक तीसरे दिन मनाए जाने वाले पर्व को चदयोत्सवम कहा जाता है। सुबह मंदिर में गुरुदेव की पूजा अर्चना के पश्चात अन्नदानम का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए है।

- श्रीनारायण गुरुदेव की आराधना संग अन्नदानम का आयोजन

बताया जा रहा है कि श्रीनारायण गुरु देव केरल के जाने-माने लोक संत और समाज सुधारक रहे हैं। श्री नारायण गुरु का जन्म 1854 में केरल के एक गांव चेम्परपति में हुआ था। गांव में रहते हुए ही इन्होंने आचार्य से संस्कृत, आयुर्वेद और ज्योतिष विषयों में शिक्षा पाई। इन्होंने सामाजिक बेड़ियाँ तोड़कर शास्त्र विद्या में पारंगत हुए। श्रीनारायण गुरु प्रसिद्ध दार्शनिक, सामाजिक एवं धार्मिक सुधारक थे। उन्होंने एक प्रेरक प्रतिनिधि के रूप में जातिगत भेदभाव को दूर किया एवं लोगों में समरसता कायम करने के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने ही एक जाति, एक मत और एक धर्म मानव का संदेश दिया था, एसएनडीपी योगम अर्थात श्री नारायण धर्म परिपालन योगम एक ऐसा संगठन है जिसमें गुरुदेव के आराधक हैं, जिनके द्वारा मंदिर की स्थापना पर उनकी पूजा अर्चना की जाती है। जगदलपुर में भी गुरुदेव का मंदिर स्थापित जहां समय-समय पर कार्यक्रम होते हैं। आज चदयोत्सवम पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण मौजूद थे, जहां हवन पूजन एवं प्रार्थना के पश्चात महाप्रसाद का वितरण किया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी दिनेशन द्वारा विधिवत पूजा अर्चना की गयी, वहीं समाज के अन्य पदाधिकारियों ने भी पूरे कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।

### नवाखाई त्योहार...



जगदलपुर। ग्राम पंचायत संघकरमरी में नवाखाई त्योहार मनाया गया और जुआर भेंट कार्यक्रम रखा गया। सरपंच जयमनी कश्यप व सोनसय कश्यप के घर त्योहार सुबह 9 बजे शाम 5 बजे चलता रहा। गांव व घर की आराध्य देवी देवता व प्रकृति की पूजा मे नया फसल को चढ़ाया गया।

### संयुक्त संचालक ने किया आड़ावाल स्कूल का निरीक्षण



जगदलपुर। संयुक्त संचालक शिक्षा बस्तर संभाग राकेश पाण्डे द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक शाला आड़ावाल का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें शिक्षकों के शिक्षक डायरी, शिक्षक उपस्थिति पंजी का सघन अवलोकन किया गया एवं माध्यमिक शाला के छात्रों से विभिन्न विषयों के प्रश्न पूछे गए।जिसका छात्रों ने सही जवाब दिया। जिसके लिए संयुक्त संचालक के द्वारा सराहना भी कि गई। माध्यमिक शाला के शिक्षकों द्वारा लिखी जा रही डेली डायरी की सराहना संयुक्त संचालक के द्वारा की गई। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्राचार्य,सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# सभी मिलकर बस्तर विकास के लिए कार्य करें : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के संभागीय अध्यक्ष नवनीत चांद इन दोनों दंतेवाड़ा जिला के दौर में है और लगातार बैठक ले रहे हैं। इसी कड़ी में आज उन्होंने किरंदुल मंडल की बैठक ली बैठक में बस्तर के स्थानीय युवाओं को रोजगार , विकास कार्यक्रम को बढ़ावा देने ,जंगल, जमीन को बचाने सहित जिले के अन्य समस्याओं को लेकर महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गया एवं इस दौरान नए पदाधिकारी की नियुक्ति किया गया । चांद ने बताया कि बस्तर के मुद्दे को लेकर लोग लगातार उनसे जुड़ रहे हैं उन्होंने बताया कि बैठक में महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित होने के साथ मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस ने एनएमडीसी और आर्सेलर मित्तल प्रबंधन के अधिकारियों से मुलाकात की। इस अवसर पर हमने प्रबंधन के अधिकारियों से विकास रोजगार शिक्षा जैसे मुद्दों पर समन्वय एवं उचित भागीदारी सुनिश्चित करने अपील किया है।

- बैठक में जमीन रोजगार एवं विकास कार्यक्रम को लेकर अनेक प्रस्ताव पारित



जल, जंगल, जमीन के साथ शासन ,प्रशासन व उद्योगों की भागीदारी बस्तर विकास के लिए आवश्यक है। इस दौरान रैमन मरकामी, लखमा कोराम, खुरशो मौरे, रमेश यादव, कन्हैयालाल, हिडमा पोडियम, हुरा कुंजाम, विमला मरकाम, प्रिया तामो एवं रामलाल समेत अन्य उपस्थित थे।

# आप ने खाद की कालाबाजारी को लेकर किया प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में आम आदमी पार्टी ने किसानों को हो रही खाद, डीएपी और उर्वरक की भारी किल्लत व कालाबाजारी के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर सरकार और जिला प्रशासन को चेतावनी दी। प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं है, और बस्तर में खुलेआम उर्वरकों की कालाबाजारी जारी है। पार्टी नेताओं ने आरोप लगाया कि खेती के सीजन में किसानों को खाद और डीएपी जैसी आवश्यक वस्तुएँ समय पर और सरकारी दरों पर नहीं मिल रही हैं। किसान ब्लैक मार्केट से महंगे दामों पर खाद खरीदने को मजबूर हैं। कई बार खाद डालने के बाद भी फसल की स्थिति बिगड़ती जा रही है, जिससे किसान मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता समीर खान ने बताया कि इस विषय में पूर्व में भी जिला प्रशासन और सरकार को मांगपत्र देकर अवगत कराया गया था, परंतु कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

# सरकार एनएचएम कर्मियों की मांग पूरी कर स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली करे : मौर्य



जगदलपुर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने विगत दिनों से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर बैठे एनएचएम कर्मचारियों के सामूहिक इस्तीफे व भाजपा सरकार द्वारा उनकी मांगों को पूरी नहीं करने को लेकर सरकार पर तंज कसते हुए कहा है कि हर मोर्चे पर पूरी तरह से फेल साय सरकार को एनएचएम कर्मियों की मांग जल्द से जल्द पूरी कर स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली करनी चाहिए क्योंकि इन कर्मचारियों की मांगे जायज है और भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में यह वादा भी किया था। मौर्य ने कहा छत्तीसगढ़ में एनएचएम कर्मचारी विगत 18 अगस्त से सेवाओं के नियमितीकरण, नियमित स्वास्थ्य कर्मियों की तरह ग्रेड पे, वेतन वृद्धि और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। उनकी मांगों को पूरी करने के बजाए साय सरकार ने 25 कर्मचारियों की बर्खास्त कर दिया। इसके विरोध में 16,000 से ज़्यादा संविदा कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से इस्तीफ़ा दे दिया है। हर मोर्चे पर यह सरकार विफल हो चुकी है।

# हमारा लक्ष्य शहर को स्वच्छता में प्रथम लाना है : पाण्डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगर पालिक निगम क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से सूखे एवं गीले कचरे के वैज्ञानिक प्रबंधन में नए संयंत्रों की स्थापना तथा स्थापित संयंत्रों के उन्नयन और 5 वर्ष के संचालन एवं संधारण के लिए 10 करोड़ 81 लाख 22 हजार रुपये की राशि स्वीकृत मिली है।

इसके अंतर्गत 9 मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटरों का उन्नयन तथा एक नवीन एमआरएफ सेंटर की स्थापना की जाएगी। साथ ही एक नवीन ड्राई वेस्ट प्लांट और एक नवीन विंड रो वेट वेस्ट प्लांट भी स्थापित होंगे। इस परियोजना में बेलिंग मशीन, फटका मशीन, वेट ब्रिज, कन्वेयर बेल्ट सहित अन्य आवश्यक आधुनिक मशीनों की व्यवस्था की जाएगी। इसके लिए मशीनरी पर 139.70 लाख रुपये, निर्माण कार्य पर 545.89 लाख रुपये तथा 5 वर्ष के संधारण हेतु 355.13 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। नगर निगम की जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि इन उन्नत सुविधाओं से पूरे शहर में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली और प्रभावी होगी। साथ ही गीले एवं सूखे कचरे को पृथक कर रीसाइक्लिंग एवं पुनः उपयोग की प्रक्रिया को गति मिलेगी।

- कचरा प्रबंधन में संयंत्रों की स्थापना एवं उन्नयन के लिए 10 करोड़ की स्वीकृत

# गणेश उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए संरपच भरत, बच्चों की प्रतिभा को सराहा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकास खण्ड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप परियागुड़ा पारा गणेश उत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए एवं बच्चों का उत्साह बढ़ाया। भरत कश्यप ग्राम वासियों के साथ ग्राम के युवा एवं बच्चों को हमेशा ही रचनात्मक रूप से प्रेरित करते रहते हैं इसी क्रम में उन्होंने परियागुड़ा पारा में गणेश उत्सव सांस्कृतिक कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वहां नन्हे-नन्हे बच्चें के द्वारा प्रस्तुति को दिखा एवं उनकी प्रतिभा कि सराहना की एवं उनका उत्साहवर्धन एवं प्रोत्साहित कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान गणेश समिति सदस्य मीठू बघेल, जगर, हाड़ी, धनिया, पीलाराम, सुका, मोहन, महेश कश्यप, तजेंद्र सहित अन्य ग्रामवासियों उपस्थित थे।

# कृषकों को मिलेगा उद्यानिकी विकास योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राज्य पोषित योजना के घटक समेकित उद्यानिकी विकास योजनान्तर्गत आम फलोद्यान रोपण हेतु सामूहिक एवं व्यक्तिगत प्रकरण प्रदान किए जा सकते है। समेकित उद्यानिकी विकास योजना अन्तर्गत फलोद्यान रोपण हेतु आवेदन उद्यान अधीक्षक, क्लस्टर नोडल अधिकारी द्वारा दी गई अनुशंसा के आधार पर तथा शासन कृषि विकास, किसान कल्याण, जैव प्रोद्योगिकी विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र द्वारा जारी मार्गदर्शी दिशा निदेशों का पालन करते हुए शर्तों के अधीन प्रदान की जाती है। प्रत्येक हितग्राही, समूह को न्यूनतम 1.000 हेक्टेयर अधिकतम 2.000 हेक्टेयर तक ही योजना से लाभ प्राप्त करने की पात्रता होगी। ऐसे कृषक, समूह जिनके पास पूर्व से फेसिंग एवं सिंचाई संसाधन उपलब्ध होंगे, उन्हें फेसिंग, नलकूप खनन के अनुदान का लाभ नहीं दिया जाएगा। नलकूप हेतु चयनित क्षेत्र के 300 मीटर की परिधीय में पूर्व निर्मित नलकूप एवं हेंडपम्प नहीं होना चाहिए। सभी नलकूपों में पुनर्भरण संरचना (वाटर हावेस्टिंग) का निर्माण कराया जाना अनिवार्य होगा। नलकूप सफल (1500 गेलन प्रति घंटा डिस्चार्ज), असफल होने की स्थिति में कृषक द्वारा दिया गया सफल, असफल होने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। गोलाई एवं गहराई के संबंध में उपरोक्त दर्शित पंचनामा समिति द्वारा स्थल निरीक्षण के पश्चात प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा। खनन पश्चात संबंधित शासकीय विभाग से बोर खनन कार्य का मूल्यांकन प्रमाणपत्र करना होगा। विद्युत कनेक्शन एवं नलकूप चालू करने की जिम्मेदारी कृषक की होगी। कृषकों को अपनी पसंद का आईएसआई मार्क का पम्प विभाग में पंजीकृत निजी डीलर /सहकारी संस्थाओं / अर्द्ध शासकीय संस्थाओं से क्रय करने की स्वतंत्रता होगी। सफल नलकूपो पर प्रतिष्ठापित पम्प को कृषक 5 वर्ष की अवधि तक किसी को बेच नहीं सकेगा। कृषक अपनी ईच्छानुसार पंजीकृत ठेकादार से नलकूप खनन करवा सकेंगे।

- विद्युत कनेक्शन व नलकूप चालू करने की जिम्मेदारी कृषक की होगी



### लापरवाही पर योजना से होंगे वंचित

उद्यान की उप संचालक श्रीमती आंकाक्षा सिन्हा ने बताया कि योजना क्रियान्वयन के दौरान किसी भी समय हितग्राही द्वारा लापरवाही बरतने पर हितग्राही को आगामी 5 वर्षों तक योजना का लाभ लेने से वंचित किया जा सकेगा। कृषक, समूहों को अनुसंसित किस्मों के पौध, बीज विभागीय रोपणी, शासकीय संस्थाओं से तथा अन्य आदान सामग्री वैद्य अनुज्ञप्तिकारी, निजी विक्रेता, विवरण संघ से क्रय कर अनुदान प्राप्त कर सकेगा।

